काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY
ESTABLISHED BY PARLIAMENT BY NOTIFICATION. 225 OF 1916

योग साधना केन्द्र, मालवीय भवन
YOGA SADHANA KENDRA, MALAVIYA BHAWAN
BANARAS HINDU UNIVERSITY

/Computer C... डायरी सं. 548 Diary No. दिनांक 19.05.25 Date

दिनांक 17.05.2025

# अधिसूचना

जुलाई के द्वितीय सप्ताह में आरम्भ होने वाले **चातुर्मासिक अंशकालीन योग सर्टिफिकेट कोर्स सत्र–2025–26 के प्रथम प्रशिक्षण** कार्यक्रम में भाग लेने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं/कर्मचारियों एवं प्राध्यापकों तथा उनके परिवार–सदस्यों से निर्धारित आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। योग सर्टिफिकेट कोर्स एक आंगिक विन्यासगत विधा होने के कारण इसमें दिव्यांग अभ्यर्थी प्रवेश के योग्य नहीं होते हैं। स्थान उपलब्ध रहने पर विश्वविद्यालय के बाहरी अभ्यर्थियों के आवेदन पर भी विचार किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने वालों को **12वीं कक्षा** उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

आवेदन पत्र में उचित स्थान पर प्रमाणित छायाचित्र संलग्न होना चाहिये तथा कक्षा **10** एवं **12** के अंकपत्रों के अतिरिक्त समस्त शैक्षिक–प्रपत्रों की छायाप्रति भी अवश्य संलग्न करें। आवेदन–पत्र **लक्ष्मण दास अतिथि गृह** के सामने **प्रकाशन–विक्रय–पटल** कार्यालय से **50** रुपये में **दिनांक 20 मई, 2025** से **10 जून, 2025** तक प्राप्त किये जा सकते हैं। यथाविधि पूर्ण आवेदन–पत्र **मालवीय भवन स्थित योग साधना केन्द्र, कार्यालय** में कार्यालयीय समय पर **दिनांक** 10.06.2025 तक जमा करना अनिवार्य है। प्रवेश समिति द्वारा निर्धारित मानदण्डों के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। एतद्–विषयक अन्य सूचनाएँ योग साधना केन्द्र, मालवीय भवन, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की सूची **दिनांक** 25.06..2025 को निर्गत होना सम्भावित है।

**भवदीय**

(प्रो. राजाराम शुक्ल)
मानित निदेशक
एवं
समन्वयक, योग साधना केन्द्र

पत्रांक सं./मा. भ./यो सा.के. /समन्वयक/2024–25/7064 तद् दिनांक–1705.2025

सूचनार्थ प्रेषित प्रतिलिपि–

1. कुलसचिव, का.हि.वि.वि.
2. छात्र अधिष्ठाता, का.हि.वि.वि.
3. समन्वयक, संगणक केन्द्र, का.हि.वि.वि. को बी.एच.यू. पोर्टल पर प्रकाशनार्थ हेतु
4. सूचना जनसम्पर्क अधिकारी, का.हि.वि.वि. को सभी समाचार पत्रों एवं दैनिक अखबारों में प्रकाशनार्थ हेतु
5. प्रकाशन एवं विक्रय–पटल केन्द्र, का.हि.वि.वि.
6. समन्वयक, अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र, का.हि.वि.वि.
7. सहायक कुलसचिव एवं माननीय कुलपति जी के निजी सचिव
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी।

(प्रो. राजाराम शुक्ल)
मानित निदेशक
एवं
समन्वयक, योग साधना केन्द्र

समन्वयक COORDINATOR योग साधना केन्द्र Yoga Sadhana Kendra मालवीय भवन MALAVIYA BHAWAN काशी हिन्दू विश्वविद्यालय Banaras Hindu University

Varanasi 221005, UP, INDIA
Phone No. 0542-6703233
Website: www.bhu.ac.in
Web : www.bhu.ac.in



NKC 19/5